मलेशिया से नारियल का आयात

399. श्री राम अवधेश सिंह : क्या वाणिज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि पिछले कुछ वर्षों के दौरान मलेशिया से नारियल के तेल का आयात किया जा रहा था ;

(ख) 1985 से 1991 तक किन-किन देशों से और किन-किन गैर सरकारी पार्टियों से नारियल के तेल का आयात किया गया तथा उसकी मात्रा कितनी थी और वह किस मूल्य पर आयात किया गया था ; और

(ग) यह आयात सरकार द्वारा सीधे ही किया गया था या किन्हीं एजेन्टों के माध्यम से, उसका पूरा ब्यौरा क्या है ?

वाणिज्य मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री पी०चिदम्बरम) : (क) से (ग) एस०टी०सी० ने, जो कि खाद्य तेलों क आयात के लिए एक सारणीकृत एजेन्सी है, वर्ष 1985-1991 की अवधि के दौरान नारियल के तेल का कोई आयात नहीं किया ।

नई दिल्ली में अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला

370. श्री विश्वासराव रामराव पाटिल: क्या वाणिज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार मेला 14 नवम्बर, 1991 से दिल्ली में आयोजित किया जा रहा है ;

(ख) इस मेले में कौन-कौन से देश भाग ले रहे हैं ;

(ग) अधिकतम संख्या में देश इस मेले में भाग लें, यह सुनिश्चित करने के लिए सरकार द्वारा किए गए प्रयासों का ब्यौरा क्या है ;

(घ) इस मेले में भाग ले रही भारतीय फर्मों के नाम क्या हैं ; और

(ङ) भारतीय माल की विदेशों में मांग बढ़ाने के लिए सरकार क्या कदम उठाने का विचार रखती है ?

वाणिज्य मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री पी० चिदम्बरम): (क) जी, हां ।

(ख) 17 देशों अर्थात अफगानिस्तान, बंगलादेश, ब्राजील, भूटान, साइप्रस, हंगरी, हांगकांग, इटली, नाम्बिया, नेपाल, नाइजीरिया पोलैंड, रोमानिया, फिलिस्तीन राज्य, श्रीलंका, यू०एस०ए स०आर० और वियतनाम ने राष्ट्र स्तर पर भाग लिया । इसके अतिरिक्त यू० के० से 3 कंपनियां आयरलैण्ड फ्रांस, इटली उकरियन चैंबर्स आफ कामर्स तथा उजबेकिस्तान चैंबर्स आफ कामर्स से एक-एक कंपनी ने भाग लिया ।

(ग) विदेशी सरकारी तथा व्यापार परिसंघ, चैम्बर्स आफ कामर्स एंड इंडस्ट्री आदि ने निम्नलिखित के माध्यम से मेलों में भाग लिया :--

(i) विदेश में हमारे मिशन ।

(ii) भारत में राजनयिक मिशन ।

(iii) हमारे मिशनों और फारेन चैंबर्स आफ कामर्स एंड एसोसिएशन द्वारा विदेश व्यापार पत्रिकाओं और अखबारों में प्रसार ।

(iv) विदेशी जर्नलों में विज्ञापन ।

(v) भारतीय व्यापार मेला प्राधिकरण द्वारा सीधे प्रचार ।

(घ) 327 भारतीय फर्मों ने इस मेले में सीधे ही भाग लिया । लगभग 2500 फर्म राज्य तथा विदेशी पैविलियनों क माध्यमों से भाग ले रही है । सीधे ही भाग लेने वाली फर्मों के नामों को दर्शाने वाली सूची अनुपत्र में दी गई है । [देखिए परिशिष्ट 161 अनुपत्र सख्7]